SHRI SANDESH

खंड 18 | मार्च 2021

एम. डी. की बात

प्यारे दोस्तों,

श्रीराम परिवार के सभी सदस्यों को सप्रेम नमस्कार। आशा करते हैं कि आप और आपके परिजन स्वस्थ और सुरक्षित हैं।

इस महामारी का सफर बहुत ही चुनौतिपूर्ण रहा है और मुझे यकीन है कि आपने इस चुनौति का डटकर सामना किया है और विजयी रहे हैं।

जबकि चुनौतियाँ नई-नई मुश्किलें खड़ी करेंगी, मगर हर चुनौति में खुद को संभालकर नए-नए उपाय ढूँढने की हमारी काबीलियत ने हमें इनका सामना करना सिखाया है।

डिजिटल प्लैटफॉर्म को इस्तेमाल करने की हमारी पूर्ववत तैयारी ने इसमें हमारा बहुत बड़ा साथ दिया है।

अब आप मायश्रीराम (MyShriram) ऐप में कर्ज का भुगतान डिजिटल रूप से कर सकते हैं। इस ऐप के ज़रिए आप अपनी किश्तें मैनेज कर सकते हैं और डिजिटल रूप से अपने कर्ज़ से जुड़े सभी काम कर सकते हैं, वह भी शाखा में कदम रखे बिना। इस तरह आप अपना किमती समय बचा सकते हैं और उसका सदुपयोग कर सकते हैं। इससे आपकी सहूलियत भी बढ़ी है और हमारी सेवाओं की कुशलता भी।

अब तो आप वॉट्सऐप के ज़रिए भी लेन-देन कर सकते हैं। इस तरह आप पूरी सहूलियत के साथ आधुनिक विशेषताओं का आनंद ले सकते हैं, वे भी जो इससे नए-नए जुड़ रहे हैं।

साथ ही, BBPS (भारत बिल पेमेंट सिस्टम) जैसे भुगतान इंटरफेस से भी आप बड़े आसानी से अपनी किश्तों का भुगतान कर सकते हैं।

आई.सी.आई.सी.आय. बैंक, ऐक्सिस बैंक, फिनो बैंक कलेक्शन सेंटर और एयरटेल स्टोर्स जैसी जाने-माने संस्थाओं के साथ हमारे टाय-अप की वजह से, आप इनके माध्यम से किश्तों का सीधा भुगतान भी कर सकते हैं।

ई-मैंडेट सुविधा (eNACH) को भी किश्तों के सुविधाजनक भुगतान के लिए शुरू किया गया है।

इतना ही नहीं, अब आप ऐप के ज़रिए कहीं-भी, कभी-भी फिक्स्ड डिपॉज़िट (FD) में भी डिजीटल तरीके से निवेश कर सकते हैं।

हमेशा की तरह, हम खुद में निखार लाने की और बदलते हालातों के मुताबिक खुद को ढालने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। दरअसल, यह कहना बिलकुल मुनासिब होगा कि आज के हालात ने हमें और भी बेहतर प्रणाली और प्रोसेस को अपनाने का एक बढ़िया मौका दिया है।

आईए हम साथ मिलकर काम करें और मज़बूत खड़े रहें और यह दुआ करें कि हम सभी को सुरक्षित व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन प्राप्त हो।

धन्यवाद।

उद्योग समाचार और अपडेट

अब ड्रायविंग लाइसेंस के रिन्यूअल के लिए आर.टी.ओ. में जाने की ज़रूरत नहीं, सड़क मंत्रालय ने आधार से ज़ुड़ा ऑनलाईन प्रोसेस शुरू किया

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सूचित किया है कि आधार के प्रमाणीकरण पर आधारित पद्धति का इस्तेमाल, अब 18 विभीन्न सेवाओं को प्राप्त करने के लिए किया जाएगा, जिनमें लर्नर लाइसेंस लेना, ड्रायविंग लायसेंस का नविनीकरण करना, डुप्लिकेट लायसेंस बनवाना और गाड़ी को अस्थायी रूप से पंजीकरण करना भी शामिल है।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

टाटा मोटर्स ने 31-टन GVW का SIGNA 3118.T हेवी ट्रक लाँच किया

भारत के कमर्शियल गाड़ियों के सबसे बडे उत्पादक, टाटा मोटर्स ने M&HCV श्रेणी में अपनी नवीनतम पेशकश लाँच की – टाटा SIGNA 3118.T। टाटा मोटर्स के मुताबिक यह भारत का सबसे पहला रिजिड ट्रक है जिसमें 3-ऐक्सल 6x2 (10 पहिए) हैं और जिसका ग्रॉस वेहिकल वेट (GVW) 31 टन है।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

श्रीराम ऑटोमॉल ने बोली लगाने के एक-दिवसीय कार्यक्रम में 5,600 से ज़्यादा गाड़ियाँ और उपकरण बेचे

पुरानी गाड़ियों के एक्सचेंज प्लैटफॉर्म, श्रॉराम ऑटोमॉल ने बताया है कि उन्होंने 100 शहरों में हुए बोली लगाने के कार्यक्रम के तहत 5,600 से भी ज़्यादा गाड़ियाँ और उपकरण बेचे और करीब रु. 130 करोड़ का व्यवसाय किया। एक पूरे दिन चले इस 'उत्सव' को ऑनलाईन भी रखा गया था और इसमें 100 से भी ज़्यादा जगहों पर बोली लगाने की व्यवस्था की गई थी।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था गति पकड़ रही है, मध्यम और हेवी कमर्शियल गाड़ियों की बिक्री बढ़ेगी

आर्थिक व्यवस्था के सूचक, यानी मध्यम और हेवी कमर्शियल गाड़ियों की बिक्री आनेवाले कुछ महीनों में बढ़ने की संभावना है। निर्माण, खनन, कच्चे माल की माँग और इंफ्रास्ट्रकचर पर सरकार के बढ़ते ध्यान के चलते यह गति देखी गई है।

अधिक जानकारी के लिए देखें।



वैकल्पिक ईंधन पर सड़क परिवहन मंत्रालय का बढ़ता ध्यान: नितिन गड़करी

केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने बताया है कि इंधन की बढ़ती किमतों की वजह से सड़क परिवहन मंत्रालय, बिजली से चलनेवाली गाड़ियों के लिए लिथीयम ऑयन बैटरी और हायड्रोजेन सेल जैसे वैकल्पिक इंधनों की नई खोजों पर ज़्यादा ध्यान दे रही है।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

फास्टैग के ज़रिए टोल की वसूली करीब 90% प्रतिशत तक पहूँची

सरकार पूरे देश में सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर डिजिटल तरीके से टोल कलेक्शन करने पर ज़ोर दे रही है और इसकी वजह से अब कुल टोल कलेक्शन का करीब 90% प्रतिशत फास्टैग के द्वारा किया जा रहा है।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

कृषि-विशेष: ट्रैकटर की बिक्री वित्तीय वर्ष 2022 में भी कायम रहेगी

कृषि में अच्छी वृद्धि और ग्रामीन इंफ्रा पर बढ़ते निवेश के चलते आनेवाले वित्तीय साल में भी ट्रैकटर की अच्छी बिक्री कायम रहेगी।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

TAFE ने ट्रैक्टर की नई श्रेणी, डायनाट्रॅक लाँच किया, किमत रु. 5,60,000

दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ट्रैक्टर निर्माता, चेन्नई स्थित ट्रैक्टर्स ऐंड फार्म इक्विपमेंट (TAFE) ने अपनी नई श्रेणी डायनाट्रैक लाँच की है। कंपनी के मुताबिक यह 'ट्रैक्टरों की बेहतरीन श्रेणी है जो बेमिसाल परफॉरमेंस, अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी, अद्वितीय कारीगरी और प्रतिभा, ये सब कुछ एक ही शक्तिशाली ट्रैक्टर में पेश करती है।'

अधिक जानकारी के लिए देखें।

महामारी के बाद ई-कॉमर्स बढ़ोतरी कमर्शियल गाड़ियों की बिक्री में भी दिखायी दी

कमर्शियल वाहन के निर्माताओं ने ई-कॉमर्स क्षेत्र से वाहनों की माँग में एक बड़ी बढ़ोतरी देखी है क्योंकि कोरोना वायरस महामारी के फैलाव के बाद से कई सारी आर्थिक गतिविधियां डिजिटल तरीके से हो रही हैं और लोग भी ऑनलाईन खरीदारी पसंद कर रहे हैं, जो कि इस सेक्टर के लिए एक सराहनीय परिवर्तन है जिसनें अब तक गाड़ियों की अधिकतर बिक्री इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र से देखी गई थी।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

पियाजियो (PIAGGIO) ने लाँच किया बिजली से चलनेवाली आपे रिक्शा, कार्गो 3 व्हीलर, किमत रु. 2.83 लाख

पियाजियो वेहिकल्स प्रा. लि. (PIAGGIO VEHICLES PVT LTD.) ने कार्गो और सवारी श्रेणियों में बिजली से चलनेवाली FX श्रेणी (फिक्स्ड बैटरी) गाड़ियाँ लाँच की हैं। निर्माता ने कहा है कि APE 9.5 Kw पावर की क्षमतावाली E-Xtra FX अपनी श्रेणी में सबसे शक्तिशाली बिजली से चलनेवाली कार्गो गाड़ी है।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

भारत का पहला CNG ट्रैक्टर हर साल किसानों के रु. 1 लाख तक बचाएगा

ग्रीन फ्यूएल पर चलनेवाले ट्रैक्टर की काफी समय से चर्चा हो रही है और अब यह सपना जल्द ही साकार होनेवाला है। CNG पर चलनेवाला भारत का पहला ट्रैक्टर अब टेस्ट के लिए तैयार है। नितिन गड़करी, धर्मेंद्र प्रधान, नरेंद्र सिंह तोमर, पुरुषोत्तम रुपाला और वी. के. सिंह, इन केंद्रीय मंत्रियों ने इसे हरी झंडी दिखायी। CNG पर चलनेवाले इस ट्रैक्टर को रॉमैट टेक्नो सोल्यूशन्स और टोमासेटो एकीले इंडिया ने मिलकर बनाया है।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

फायनान्स अपडेट

एस.टी.एफ.सी. के फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) की दरों में फेरबदल; 1 अप्रैल 2021 से लागू

ज्यादा जानकारी के लिए यहां क्लिक कीजिए।

From Loan details to FastTag recharge
Do it all with the MyShriram App

Know more about our products
Quick FASTag recharge
Locate and visit our nearest branch
Get latest news of STFC's offerings
Apply for Pre-Approved loan
Various Payment Options



www.stfc.in | GET IT ON Google Play | Scan QR code to download MyShriram App

YouTube Don't forget to subscribe to our YouTube channel - STFCconnect